प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

संसद और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के विधायी निकायों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज मुंबई में उद्‌घाटन किया। श्री बिरला ने संसद की प्राक्कलन समिति की 75वीं वर्षगांठ पर स्मारिका का विमोचन भी किया। सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसद की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल भी मौजूद है। सम्मेलन में प्रशासन में दक्षता और मितव्ययता सुनिश्चित करने के लिए बजट आकलन की प्रभावी निगरानी और समीक्षा में समिति की भूमिका पर विचार हो रहा है। समिति के कामकाज की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संसद और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के अध्यक्ष और सदस्य भी उद्‌घाटन सत्र में उपस्थित है।

00000

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की जा रही है। जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्पाजंलि कार्यक्रम रखा गया है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचन्द्र बैरवा सहित अन्य मंत्रियों तथा भाजपा विधायकों ने श्री मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन स्मृति नहीं बल्कि प्रेरणा देने वाला है श्री मुखर्जी ने देश को दिशा देने का कार्य किया। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के मध्यम से श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

0000

राज्य सरकार कल से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा चलाएगी। 9 जुलाई तक संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के पहले चरण में पांच हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रोजाना शिविर लगाए जाएंगे। इस पखवाड़े में राजस्व मामलों के तहत लम्बित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामान्तरण के मामलो का निस्तारण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। पंचायती राज विभाग की ओर से स्वामित्व पट्टों का वितरण और वर्षा जल संरक्षण के लिए जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।

0000

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज शाम नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के भाषणों पर आधारित संकलन– विंग्स टू ऑवर होप्स और आशाओं की उड़ान – खंड 2 का विमोचन करेंगे। राष्ट्रपति के 51 भाषणों का यह संकलन उनके कार्यकाल के दूसरे साल की प्राथमिकताओं के अलावा उनके दृष्टिकोण और दर्शन का परिचय देता है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन भी पुस्तक विमोचन समारोह में मौजूद रहेंगे। हिन्दी और अंग्रेजी के अतिरिक्त यह संकलन ई–वर्जन में भी जारी होगा।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी की ओर से आज से प्राध्यापक और कोच प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 4 जुलाई तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए जयपुर में 197 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए जयपुर जिला कलक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 18 मई को हुई संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती–2024 परीक्षा का मास्टर प्रश्न पत्र और इसकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है। बोर्ड ने कहा है

कि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्न या उत्तर के सबंध में कोई आपत्ति है तो निर्धारित शुल्क के साथ आगामी 25 से 27 जून मध्यरात्रि तक अपनी ऑनलाईन आपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकते है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

0000